

पहले दिन जो हुआ वह टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने की मानसिकता से जुड़ा हुआ है। इसलिए आप चार तेज गेंदबाज और एक स्पिनर के साथ उतरे। - रवि शास्त्री

पूर्व भारतीय कोच, डब्ल्यूटीए के फाइनल में कप्तान रोहित शर्मा के पहले क्षेत्ररक्षण के फैसले की आलोचना करते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## लियोनेल मेसी

**अर्जेंटीना** के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने पिछले कुछ समय से चल रही अटकलबाजियों पर विराम लगाते हुए बुधवार को खुलासा किया कि वह इंटर मियामी की तरफ से अमेरिका के मेजर लीग सॉकर में खेलेंगे। मेसी का हाल में पेरिस सेंट जर्मेन से अनुबंध समाप्त हुआ था और उनके सऊदी अरब के किसी क्लब से जुड़ने की अटकलबाजी लगाई जा रही थी। मेसी मियामी से जुड़ने वाले दुनिया के दूसरे स्टार फुटबॉलर होंगे। उनसे पहले इंग्लैंड के डेविड बैकहम भी अमेरिका के इस क्लब की तरफ से खेल चुके हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** अपनी टेस्ट जीवन की पहली श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 774 रन बनाए।

## ताइपे को रौंदकर सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

काकामिगहारा (जापान), 8 जून। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को अपने आखिरी पूल-ए मैच में चीनी ताइपे को 11-0 से हराकर महिला जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। भारत के लिये इस जीत में वैष्णवी विठ्ठल फाल्के (पहला मिनट), दीपिका (तीसरा मिनट), अन्नू (10वां, 52वां मिनट), रुतुजा दादासो पिसल (12वां मिनट), नीलम (19वां मिनट), मंजू चोरसिया (33वां मिनट), सुनेलिता टोप्पो (43वां, 57वां मिनट), दीपिका सोरेंग (46वां मिनट), और मुमताज खान (55वां मिनट) ने गोल किये। भारत पूल चरण में एक भी मैच हारे बिना पूल-ए में शीर्ष पर रहा। भारत ने शुरू से ही अपना दबदबा दिखाया और चीनी ताइपे के खिलाफ लगातार हमले किये। वैष्णवी ने पहले ही मिनट में फील्ड गोल के साथ शुरुआत की। दो मिनट बाद दीपिका ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके अलावा, अन्नू और रुतुजा ने भी पहले क्वार्टर की समाप्ति से पहले एक-एक गोल किया। दूसरा क्वार्टर भी इसी तरह से जारी रहा, जिसमें भारत ने गेंद पर कब्जे और लगातार हमलों के जरिये खेल पर नियंत्रण बनाये रखा। नीलम ने 19वें मिनट में गेंद को नेट में पहुंचाया, जिससे भारत ने हाफटाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली। पर्याप्त बढ़त लेने के बावजूद भारत ने मंजू चौरसिया और सुनेलिता टोप्पो (43) के गोलों से तीसरे क्वार्टर में भी आगे बढ़ना जारी रखा। अंतिम क्वार्टर में, सोरेंग और मुमताज़ ने अपना खाता खोला, जबकि अन्नू और सुनेलिता अपना-अपना दूसरा गोल करते हुए भारत को 11-0 से जीत दिला दी। सेमीफाइनल में भारत का सामना शनिवार को जापान या कज़ाखस्तान में से किसी एक टीम से होगा।

## भारत सरकार ने सैफ कप में पाक फुटबॉल टीम की भागीदारी को मंजूरी दी : एआईएफएफ

नयी दिल्ली, 8 जून। भारत सरकार ने बेंगलुरू में 21 जून से चार जुलाई तक होने वाले सैफ कप में पाकिस्तानी फुटबॉल टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी है । अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी । एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा कि भारत ने आठ देशों के इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी के लिये अपना काम पूरा कर दिया है और अब पाकिस्तान को उसकी तरफ से औपचारिकतायें पूरी करनी है। प्रभाकरन ने पीटीआई से कहा ,'' गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और खेल मंत्रालय ने पाकिस्तान की भागीदारी को मंजूरी दे दी है ।''उन्होंने कहा ,'' हमने अपना काम कर दिया है । हम उनका स्वागत करते हैं । सभी प्रतिभागी देशों को वीजा मंजूरी मिल गई है । अब उन्हें अपनी ओर से वीजा की औपचारिकतायें पूरी करनी है ।'' भारत और पाकिस्तान एक ही समूह में है और एक दूसरे से 21 जून को खेलेंगे । दोनों पांच साल में पहली बार एक दूसरे से खेलेंगे । आखिरी बार उनका सामना 2018 सैफ चैम्पियनशिप सेमीफाइनल मे हुआ था जब भारत 3.1 से विजयी रहा था। लेबनान, कुवैत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और मालदीव भी इसमें भाग ले रहे हैं।

## पहलवान एशियाई खेलों के ट्रायल में हिस्सा लेना चाहते हैं, तैयारी के लिए डेढ़ महीने का समय चाहिए

नई दिल्ली, 8 जून। सरकार से आश्वासन मिलने पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन खत्म करने के एक दिन बाद पहलवानों ने गुरुवार को इस महीने होने वाले एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में भाग लेने का इरादा जताया। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि सभी राष्ट्रीय महासंघों का लक्ष्य एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) द्वारा निर्धारित 15 जुलाई की समय सीमा से पहले एशियाई खेलों के लिए टीम को अंतिम रूप देना है। एशियाई खेल 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोउ में होने हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 27 अप्रैल को तीन सदस्यीय तदर्थ समिति की घोषणा की थी। चार मई से कुश्ती महासंघ के दिन-प्रतिदिन के कामकाज को देख रही भूपेंद्र सिंह बाजवा और सुमा शिरूर की मौजूदगी वाली तदर्थ समिति के जून के अंतिम सप्ताह में ट्रायल कराने की उम्मीद है। हालांकि पहलवान ट्रायल के लिए तैयार होने के लिए कुछ और समय चाहते हैं। साक्षी मलिक के पति और अंतरराष्ट्रीय पहलवान सत्यव्रत कादियान ने गुरुवार को पीटीआई से कहा, ''हम चयन ट्रायल में हिस्सा लेना चाहते हैं लेकिन इसकी तैयारी के लिए हमें कम से कम डेढ़ महीने के प्रशिक्षण की जरूरत है।'' कुछ पहलवानों ने पिछले साल सितंबर में विश्व चैंपियनशिप के बाद से प्रतिस्पर्धा नहीं की है जबकि कुछ अन्य ने आखिरी बार अगस्त 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। पहलवानों ने हाल ही में कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से नाम वापस ले लिया था जबकि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने भी विरोध प्रदर्शन के कारण अप्रैल में अपने अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों से हटने का फैसला किया था। पहलवान डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं जिस पर उन्होंने एक नाबालिग सहित महिला पहलवानों का कथित यौन शोषण करने का आरोप लगाया है।

# आधी टीम 149 पर पवेलियन लौटी, भारत संकट में



### ऑस्ट्रेलिया ने बनाये 469 रन

लंदन, 8 जून। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (121) के शतकों के बाद गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन गुरुवार को भारत को संकट में डाल दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन बनाये, जिसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक भारत की आधी टीम 151 रन पर पवेलियन लौट चुकी है। अजिंक्य रहाणे 29 रन बनाकर, जबकि श्रीकर भरत पांच रन बनाकर क्रीज़ पर मौजूद हैं। भारत अब भी 318 रन से पीछे है, जबकि फॉलो ऑन से बचने के लिये उसे 118 रन और बनाने हैं।

ऑस्ट्रेलिया को मज़बूत स्कोर तक पहुंचाने के लिये हेड ने महज़ 174 गेंदों पर 25 चौके और एक छक्का लगाते हुए 163 रन बनाये, जबकि स्मिथ ने 268 गेंद पर 19 चौकों की मदद से 121 रन की पारी खेली। स्मिथ-हेड एक दूसरे के पूरक साबित हुए और दोनों ने चौथे विकेट के लिये 285 रन की साझेदारी की। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज ने सर्वाधिक चार विकेट लिये। मोहम्मद शमी और शार्दुल ठाकुर ने दो-दो जबकि रवींद्र जडेजा ने एक विकेट हासिल किया।

ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत 327/3 के स्कोर से की। पहले दिन 95 रन पर नाबाद लौटने वाले स्मिथ ने 229वीं गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। दूसरे छोर पर खड़े हेड ने भी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और 164 गेंदों पर 150 रन का आंकड़ा छुआ। इस जोड़ी ने दिन के शुरुआती छह ओवरों में 34 रन जोड़े।

सिराज की बाउंसर को लेग गली की ओर खेलने की कोशिश में हेड विकेटकीपर श्रीकर भरत को कैच दे बैठे। यह विकेट भारत के मैच में लौटने का कारण बना क्योंकि शमी ने कुछ देर बाद कैमरन ठीन (छह रन) को भी स्लिप में कैचआउट करवा दिया। मात्र 11 रन के बाद स्मिथ शार्दुल का शिकार हो गये। लगातार गिरते विकेटों के कारण भारत रनों पर लगाम कसने में कामयाब रहा। ऑस्ट्रेलिया ने 103 ओवर में 400 रन का आंकड़ा छुआ, हालांकि अगले ही ओवर में मिचेल स्टार्क रन चुराने की कोशिश में रनआउट हो गये। भारत को लंच के बाद ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ तीन विकेट और गिराने थे, लेकिन एलेक्स कैरी ने प्रत्याक्रमण करते हुए भारतीय गेंदबाजों को कड़ी चुनौती दी।

कैरी ने पैट कमिंस के साथ आठवें विकेट के लिये 51 रन की बहुमूल्य साझेदारी की। उन्होंने 115वें ओवर में छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया को 450 रन के पार पहुंचाया, हालांकि दो गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पगबाधा हो गये। कैरी ने हालांकि आउट होने से पहले 69 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के के साथ 48 रन बना दिये।

अंत में कमिंस और नेथन लायन ने भी नौ-नौ रन का योगदान दिया। सिराज ने दोनों को आउट करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पारी 469 रन पर समाप्त की। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे रोहित और गिल पिच पर सहज नज़र आये, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण दोनों ही अपना विकेट गंवा बैठे। चौके के साथ अपना खाता खोलने वाले रोहित (26 गेंद, 15 रन) कमिंस की गेंद पर पगबाधा हो गये। स्कॉट बोलैंड ने दो गेंद बाद गिल को बोल्ड कर दिया।

**स्कोर बोर्ड**

**आस्ट्रेलिया पहली पारी :**
डेविड वार्नर का भरत बो शारदुल 43, उस्मान ख्वाजा का भरत बो सिराज 00, मार्नस लाबुशेन बो शमी 26, स्टीव स्मिथ बो शारदुल 121, ट्रेविस हेड का भरत बो सिराज 163, कैमरन ठीन का गिल बो शमी 06, एलेक्स कैरी पगबाधा बो जडेजा 48
मिशेल स्टार्क रन आउट 05, पैट कमिंस का रहाणे बो सिराज 09, नाथन लियोन बो सिराज 09, स्कॉट बोलैंड नाबाद 01
**अतिरिक्त :** 38 रन, **कुल :** 121.3 ओवर में सभी विकेट खोकर: 469 रन, **विकेट पतन :** 1-2, 2-71, 3-76, 4-361, 5-376, 6-387, 7-402, 8-453, 9-468, **गेंदबाजी :** शमी 29-4-122-4, सिराज 28.3-4-108-4, उमेश 23-5-77-0, शारदुल 23-4-83-2, जडेजा 18-2-56-1

## न्यूज़ीलैंड के लिये विश्व कप 2023 खेल सकते हैं बोल्ट

वेलिंगटन, 8 जून। न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टेड ने गुरुवार को कहा कि तेज़ गेंदबाज़ ट्रेंट बोल्ट राष्ट्रीय अनुबंध नहीं होने के बावजूद इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 में न्यूजीलैंड के लिये वापसी कर सकते हैं।

बोल्ट ने पिछले साल न्यूजीलैंड क्रिकेट अनुबंध से बाहर होने का विकल्प चुना, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेल सके। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट ने कहा कि उन्हें अन्य खिलाड़ियों की तरह केंद्रीय अनुबंध नहीं पेश किया गया है, लेकिन उन्होंने ब्लैक कैप्स के साथ आकस्मिक खेल समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

स्टेड को उम्मीद है कि भारत में अक्टूबर में शुरू होने वाले विश्व कप में बोल्ट और टिम साउदी साथ मिलकर गेंदबाजी कर सकेंगे। स्टेड ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''ट्रेंट के साथ हमारी सकारात्मक बातचीत हो रही है, उसने संकेत दिया है कि वह विश्व कप के लिये उपलब्ध है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे दृष्टिकोण से, वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय गेंदबाजों में से एक है, इसलिए चोट के अलावा मुझे नहीं लगता कि कोई चीज़ उसे टीम से बाहर रखेगी।'' बोल्ट दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय गेंदबाजों में से एक हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 187 विकेट लिये हैं। इसके अलावा वह टी20 क्रिकेट में भी अपने देश के लिये 74 विकेट चटका चुके हैं।

पिछले साल केंद्रीय अनुबंध से मुक्त होने के बाद बोल्ट को इस साल इंग्लैंड और श्रीलंका के विरुद्ध खेली गयी टेस्ट शृंखलाओं से बाहर रखा गया, हालांकि उन्होंने टी20 विश्व कप 2022 में न्यूज़ीलैंड का प्रतिनिधित्व किया था। स्टेड ने कहा कि बोल्ट अगले साल दक्षिण अफ्रीका और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली घरेलू शृंखलाओं के लिये न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम में वापसी कर सकते हैं। स्टेड ने कहा, ''इस समय अभी भी चर्चा की जा रही है। ट्रेंट के पास अन्य लीग हैं जिनके लिये वह प्रतिबद्ध है, इसलिए हम उसे ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। उसने खेलने की मंशा जाहिर की है।''

## मेजबान नीदरलैंड ने भारत को 4-1 से हराया

आइंडहोवन, 8 जून। भारत को अपने यूरोप दौरे के दूसरे चरण के पहले मैच में मेज़बान नीदरलैंड के हाथों 1-4 की हार का सामना करना पड़ा है। भारत की ओर से बुधवार को खेले गये मुकाबले में हरमनप्रीत सिंह ने 11वें मिनट में गोल किया, लेकिन पेपिन रेयेंगा (17वां मिनट), बॉरिस बुरखार्ट (40वां मिनट) और ड्यूको टेलगेंकाम्प (41वां, 58वां मिनट) के गोलों से नीदरलैंड ने जीत हासिल कर ली।

पिछले हफ्ते लंदन में ग्रेट ब्रिटेन और बेल्जियम को हराने के बाद भारतीय टीम ने नीदरलैंड के खिलाफ भी पहले क्वार्टर में 1-0 की बढ़त ले ली। भारत को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा, लेकिन 11वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को हरमनप्रीत ने गोल में तब्दील कर दिया।

नीदरलैंड की युवा टीम ने भी घरेलू दर्शकों के समर्थन के साथ जल्द वापसी की और रेयेंगा ने दूसरे क्वार्टर के शुरू होते ही स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड का खाता खुलते ही हरमनप्रीत की टीम बैकफुट पर चली गयी और उसे गेंद पर कब्जा रखने के लिये संघर्ष करना पड़ा। भारत ने क्वार्टर खत्म होने से पहले दाएं फ्लैंक पर आक्रमण भी किया लेकिन वह डच टीम के रक्षण को नहीं भेद सके। हूटर बजने से ठीक पहले नीदरलैंड को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे वह अमित रोहिदास के बेहतरीन रक्षण के कारण गोल में नहीं बदल सका।

दूसरे क्वार्टर के समापन तक मुकाबला बराबरी पर था, लेकिन अगले 15 मिनटों में मैच पूरी तरह नीदरलैंड के पक्ष में झुक गया। मैच के 40वें मिनट में नीदरलैंड ने पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। बॉरिस ने गेंद को भारतीय गोलकीपर कृष्णा पाठक के पार पहुंचाकर नीदरलैंड को पहली बार बढ़त की स्थिति में पहुंचाया। अगले ही मिनट में ड्यूको ने दर्शनीय फील्ड गोल कर नीदरलैंड की बढ़त 3-1 कर दी।

भारत ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत में दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किये। हरमनप्रीत की टीम इनमें से एक को भी गोल में नहीं बदल सकी, जो उसके लिये महंगा साबित हुआ। ड्यूको ने 58वें मिनट में नीदरलैंड का चौथा गोल जमाकर भारत की हार लगभग सुनिश्चित कर दी। भारत ने इसी मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन रोहिदास इस मौके को नहीं भुना सके। मैच के आखिरी मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर गंवाने के साथ भारत 1-4 से हार गया।

## मंगोलिया के खिलाफ शुरू होगा भारत का इंटरकॉन्टिनेंटल कप अभियान

भुवनेश्वर, 8 जून। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम शुक्रवार को मंगोलिया के खिलाफ यहां कलिंगा स्टेडियम पर अपने इंटरकॉन्टिनेंटल कप अभियान की शुरुआत करेगी। इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2023 का आगाज अपराह्न 04:30 बजे लेबनान और वानुअतु के बीच मुकाबले के साथ होगा। भारतीय टीम शाम 7:30 बजे मैदान पर उतरेगी।

मेजबान भारत ने मुंबई में 2018 में उद्घाटन टूर्नामेंट जीता, जबकि कोरिया गणराज्य ने 2019 में खिताब अपने नाम किया था। मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने गुरुवार को कहा कि भारतीय टीम एक बार फिर ट्रॉफी उठाने के लिये तैयार है। स्टिमैक ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम टूर्नामेंट जीतने की उम्मीद कर रहे हैं और इसलिए हम यहां हैं। हम ऐसा करने के लिये हर संभव प्रयास करेंगे।''

भारत के लिये बड़ा लक्ष्य सात महीने में कतर में होने वाला एएफसी एशियाई कप है, जिससे पहले ब्लू टाइगर्स को कई मैच खेलने हैं। स्टिमैक का मानना है कि हर मैच का हर मिनट टीम की तैयारियों के लिये मायने रखेगा। स्टिमैक ने कहा, ''भले ही हमारे प्रतिद्वंद्वी (इंटरकॉन्टिनेंटल कप में) एशियाई कप में आने वाली टीमों जितने मुश्किल नहीं होंगे, फिर भी वे अच्छी और प्रतिस्पर्धी टीमें हैं। मंगोलिया बहुत आक्रामक टीम है जिसमें मिडफ़ील्ड और फॉरवर्ड पंक्ति में बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं।''

उन्होंने कहा, ''घर पर खेलना हमारे लिये बड़ा फायदेमंद होगा। मुझे उम्मीद है कि बड़ी संख्या में लोग हमारा समर्थन करेंगे। हमने मणिपुर में देखा कि जब हम भावुक प्रशंसकों से घिरे होते हैं तो हम अपने से बेहतर रैंक वाली टीमों को भी हरा सकते हैं।'' दूसरी ओर, ब्लू टाइगर्स के कप्तान सुनील छेत्री ओडिशा में पहली बार भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये उत्सुक हैं। छेत्री ने कहा, ''मैं और अन्य लड़के बहुत उत्साहित हैं। यह अजीब है कि हम अपने करियर में पहले कभी भी भुवनेश्वर या ओडिशा में नहीं खेले हैं, इसलिए हम यहां आकर वास्तव में खुश हैं।

## इंटरकॉंटिनेंटल कप में छेत्री पर रहेगी नजरें

भुवनेश्वर, 8 जून। भारतीय टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे इंटर कांटिनेंटल कप में जब खिताब बरकरार रखने की कवायद में उतरेगी तो सभी की नजरें अपने कैरियर के आखिरी मुकाम पर खड़े सुनील छेत्री पर रहेंगी। टूर्नामेंट के पहले मैच में लेबनान का सामना वानुआतु से होगा जबकि भारत दिन के दूसरे मैच में मंगोलिया से खेलेगा । भारत फीफा रैंकिंग में 101वें और मंगोलिया 183वें स्थान पर है। भारत से बेहतर रैंकिंग लेबनान की है जो 99वें स्थान पर है। भारत के लिये 131 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 84 गोल करने वाले छेत्री ने पिछले दो दशक में कई रिकॉर्ड अपने नाम किये हैं । इस टूर्नामेंट में भारत के 16 गोल में से 11 छेत्री ने किये हैं। टूर्नामेंट में हैट्रिक लगाने वाले वह एकमात्र खिलाड़ी हैं। भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने कहा ,'' सुनील हमेशा से रोलमॉडल रहा है और हर मायने में उसने अगुवाई की है । उसने हमें नतीजे भी दिये हैं । शिविर में हर टेस्ट में वह शीर्ष पांच में रहा इसलिये उम्र कहीं उसके आड़े नहीं आती।'' कतर में अगले साल होने वाले एशियाई कप की तैयारी के लिये यह टूर्नामेंट काफी अहम है । भारत इससे पहले सैफ चैम्पियनशिप और मेरडेका कप भी खेलेगा। भारत को मंगोलिया के बाद 12 जून को वानुआतू से और 15 जून को लेबनान से खेलना है। शीर्ष दो टीमें 18 जून को फाइनल खेलेंगी।

## डर और दहशत के इस माहौल में क्या बेटियों को मिलेगा न्याय : विनेश फोगाट

नयी दिल्ली, 8 जून। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के प्रदर्शन का एक प्रमुख चेहरा विनेश फोगाट ने गुरुवार को हैरानी जताई कि क्या देश की बेटियों को इस 'भय और दहशत' के माहौल में न्याय मिलेगा। विनेश का ट्वीट 'नाबालिग' लड़की के बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को वापस लेने के कुछ दिनों बाद आया है। इसी लड़की की शिकायत को बृजभूषण के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत प्राथमिकी का आधार बनाया गया था। विनेश ने ट्वीट किया, ''क्या डर और दहशत के माहौल में बेटियों को मिलेगा न्याय???''

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, ''इंसाफ की इस लड़ाई में हो रही देरी की वजह से कहीं ये बेटियां एक-एक कर हिम्मत ना हार जाएं??? भगवान सभी को हिम्मत दें।'' नाबालिग पहलवान के पिता ने पीटीआई को बताया कि उन्होंने बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए क्योंकि वह उनके साथ हिसाब बराबर करना चाहते थे जिसे वह अंडर 17 एशियाई चैंपियनशिप के ट्रायल में अपनी बेटी की हार के लिए जिम्मेदार मानते हैं। विनेश ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक के साथ बृजभूषण पर नाबालिग सहित महिला पहलवानों का कथित यौन शोषण करने का आरोप लगाया था। सरकार द्वारा बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की पुलिस द्वारा 15 जून तक जांच पूरी होने तक इंतजार करने को कहे जाने के बाद बुधवार को आंदोलनकारी पहलवान एक सप्ताह के लिए अपना विरोध प्रदर्शन स्थगित करने पर सहमत हो गए।

## मुकोवा पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में

पेरिस, 8 जून। चेक गणराज्य की कैरोलीना मुकोवा ने फ्रेंच ओपन के रोमांचक सेमीफाइनल में गुरुवार को बेलारूस की एरिना सबालेंका को हराकर पहली बार रोलां गैरो के फाइनल में जगह बना ली। गैर वरीयता प्राप्त मैच पॉइंट पर 5-2 से पिछड़ी हुई थीं, लेकिन उन्होंने अविश्वसनीय वापसी करते हुए दूसरी सीड सबालेंका को 7-6(5), 6-7(5), 7-5 से मात दी। हराकर खिताबी मुकाबले में कदम रखा। मुकोवा ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम आयोजन के फाइनल में कदम रखा है, जहां उनका सामना गत चैंपियन इगा स्वियातेक और बीट्रिज़ हद्दाद मैया में से किसी एक से होगा। मुकोवा ने इस जीत के साथ ठौंड स्लैम आयोजनों में विश्व नंबर दो सबालेंका का 12 मैचों का विजय रथ भी रोक दिया। उल्लेखनीय है कि मुकोवा अपने करियर में कभी भी विश्व रैंकिंग के शीर्ष तीन में मौजूद किसी खिलाड़ी से नहीं हारी हैं।

## पहलवानों को दिये सारे आश्वासन पूरे करेगी सरकार : ठाकुर

नयी दिल्ली, 8 जून। भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 15 जून तक आरोप पत्र दाखिल करने की प्रदर्शनकारी पहलवानों की मांग पर सहमति जताने के एक दिन बाद खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार पहलवानों को दिये हर आश्वासन पूरे करेगी ।

यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे बृजभूषण के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले पहलवानों ने खेलमंत्री के साथ छह घंटे चली बैठक में 15 जून तक एफआईआर पर आरोपपत्र दाखिल करने और 30 जून तक डब्ल्यूएफआई के चुनाव कराने की मांग की थी । इसके साथ ही तब तक उन्होंने प्रदर्शन स्थगित करने पर सहमति जताई थी ।

ठाकुर ने यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 100वीं बैठक के बाद पत्रकारों के पूछे जाने पर कहा ,'' हमने खिलाड़ियों को जो भी आश्वासन दिये हैं, हम पूरे करेंगे। 15 जून तक आरोप पत्र दाखिल हो जायेगा । उसके बाद जो भी फैसला लेना होगा, वह अदालत लेगी।'' बृजभूषण की गिरफ्तारी के सवाल पर उन्होंने कहा ,'' कानूनी प्रक्रिया का पालन होगा । आरोप पत्र दाखिल होने के बाद अदालत जो भी फैसला सुनायेगी, उसके अनुसार कार्रवाई होगी ।'' चीन के हांगझाऊ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिये कुश्ती के चयन ट्रायल के सवाल पर उन्होंने कहा ,'' भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति कुश्ती का कामकाज देख रही है । उन्हें 30 जून से पहले चयन ट्रायल कराने का निर्देश है चूंकि हमें 15 जुलाई की समय सीमा तक दल का नाम भेजना है ।''

## डब्ल्यूटीसी फाइनल : अश्विन को बाहर करने के भारत के फैसले की आलोचना की हेडन और पोंटिंग ने

लंदन, 8 जून। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ियों मैथ्यू हेडन और रिकी पोंटिंग ने स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने के भारत के फैसले की कड़ी आलोचना की। टेस्ट क्रिकेट में नंबर एक गेंदबाज और डब्ल्यूटीसी के 2021-23 चक्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले अश्विन को भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवल में खेले जा रहे फाइनल में अंतिम एकादश में जगह नहीं दी और इसकी बजाय चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला किया। हेडन ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद आईसीसी से कहा,'' मेरा मानना है कि रविचंद्रन अश्विन महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। वह डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज है लेकिन वह टीम में नहीं है। भारत के परिप्रेक्ष्य में यह फैसला विचारणीय है।'' अश्विन की अनुपस्थिति में भारतीय एकादश में रविंद्र जडेजा एकमात्र स्पिनर है लेकिन पहले दिन वह विकेट नहीं ले पाए।

## प्रत्येक मैच हमारे लिए चुनौती होगा, तैयारी का पर्याप्त समय मिला : स्टिमक

भुवनेश्वर, 8 जून। भारत को इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट में शायद एएफसी एशियाई कप जितने कड़े प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने को नहीं मिले लेकिन मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने गुरुवार को यहां कि यह आमंत्रण टूर्नामेंट महाद्वीपीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए अच्छा मौका है। भारत को इंटरकॉन्टिनेंटल कप के पहले मुकाबले में शुक्रवार को यहां मंगोलिया से भिड़ना है। स्टिमक और कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि भारत ने टूर्नामेंट की अच्छी तैयारी की है। स्टिमक ने टूर्नामेंट पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''हमें टूर्नामेंट जीतने की उम्मीद है और यही कारण है कि हम यहां हैं। ऐसा करने के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे।''

भारत के लिए बड़ा लक्ष्य सात महीने बाद कतर में होने वाला एशियाई कप है और टीम को इस सात के अंत तक कई मुकाबले खेलने का मौका मिलेगा। स्टिमक का मानना है कि तैयारी को लेकर प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण होगा। इंटरकॉन्टिनेंटल कप में भारत और मंगोलिया के अलावा लेबनान और वानुआतु की टीम हिस्सा ले रही है।

स्टिमक ने कहा, ''हमारे प्रतिद्वंद्वी (इंटरकॉन्टिनेंटल कप में) एशियाई कप जितने कड़े नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद वे अच्छे और प्रतिस्पर्धी हैं।'' उन्होंने कहा, ''मंगोलिया बेहद आक्रामक टीम है जिसमें बाद मिडफील्ड और अठिाम पंक्ति में काफी युवा खिलाड़ी हैं। वे काउंटर अटैक करने वाली फुटबॉल खेलते हैं। उन्हें यहां के गर्म मौसम से सामंजस्य बैठाने में दिक्कत हो सकती है लेकिन मंगोलियाई लीग में खेलने के कारण खिलाड़ी प्रतिस्पर्धी फॉर्म में हैं। ''

भारत 15 मई से भुवनेश्वर में शिविर में हिस्सा ले रही। टीम संभावित रूप से एक महीने से भी कम समय में नौ मैच खेल सकती है क्योंकि 21 जून से बेंगलुरू में सैफ चैंपियनशिप भी शुरू हो रही है। स्टिमक ने कहा, ''प्रत्येक मैच हमारे लिए एक चुनौती होगा। हमारे पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय था। हमें इन खेलों के लिए शारीरिक रूप से तैयार होने और सब कुछ अपने हाथों में लेने की आवश्यकता है। हमारे खिलाड़ी यहां यह साबित करने के लिए हैं कि वे राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के हकदार हैं।''

भारत के कप्तान छेत्री पहली बार ओडिशा में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, ''मैं और लड़के बहुत उत्साहित हैं। यह अजीब है कि हम अपने करियर में पहले कभी भी भुवनेश्वर या ओडिशा में कहीं भी नहीं खेले हैं इसलिए हम यहां आकर बेहद खुश हैं।''

मंगोलिया फीफा रैंकिंग में 183वें स्थान पर है। टीम के जापान के मुख्य कोच इचिरो ओत्सुका ने बताया कि वह कैसे टूर्नामेंट से फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''अन्य सभी तीन टीमों की रैंकिंग हमारे से बेहतर है। लेकिन हम लड़ेंगे और उनके खिलाफ बेहतर खेल खेलने की कोशिश करेंगे।

## जीसीएल : नेपोमनिशी करेंगे बालन अलास्कन नाइट्स की कप्तानी

नयी दिल्ली, 8 जून। फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप के उपविजेता यान नेपोमनिशी ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) के उद्घाटन संस्करण में बालन अलास्कन नाइट्स टीम का नेतृत्व करेंगे। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुनीत बालन ठ्रुप (पीबीजी) के स्वामित्व वाली टीम 21 जून से दो जुलाई के बीच दुबई चेस एंड कल्चर क्लब में होने वाली जीसीएल में प्रतिस्पर्धा करने वाली छह फ्रेंचाइजी में से एक है।

पुनीत बालन समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पुनीत बालन ने कहा, हम ग्लोबल चेस लीग और वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने को लेकर उत्साहित हैं। हमारे पास युवाओं और अनुभव का सही मिश्रण है। टीम ऐसे व्यक्तियों के एक उल्लेखनीय समूह के साथ ठोस दिखती है जो पहले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित कर चुके हैं।'' रूस के 32 वर्षीय नेपोमनिशी वर्तमान में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। उनके साथ टीम में अजरबैजान के अनुभवी ठौंडमास्टर तैमूर रद्जाबोव और उज़्बेकिस्तान के 18 वर्षीय नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव भी होंगे। रद्जाबोव ने 2004 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, जबकि युवा सनसनी अब्दुसत्तारोव ने 2021 विश्व रैपिड चैंपियनशिप में मैगनस कार्लसन को मात देकर खिताब हासिल किया था।

भारत के 17 वर्षीय ठौंडमास्टर रौनक साधवानी भी बालन अलास्का नाइट्स टीम का हिस्सा होंगे। नागपुर में जन्मे साधवानी ने जीसीएल में खेलने की उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, ''मैं वास्तव में बालन अलास्कन नाइट्स का हिस्सा बनने के लिये उत्साहित हूं। मैं वास्तव में अपने साथियों के साथ खेलने के लिये उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि एक टीम के तौर पर हम अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और टीम को जीत दिलाने में मदद कर सकते हैं।'' चीन की गत विश्व महिला रैपिड चैंपियन टैन झोंग्यी और जॉर्जिया की 36 वर्षीय ठौंडमास्टर नीनो बत्सियाश्विली छह सदस्यीय टीम की दो महिला खिलाड़ी होंगी।